आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 10.08.2024

मुख्य समाचारः–

1– केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी–योजना के अंतर्गत तीन करोड़ नये आवास बनाए जाएंगे।

2– राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया–सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आर.एस. विश्वकर्मा आयोग के अध्यक्ष होंगे।

3– जशपुर जिले में दंतैल हाथी के हमले में एक बच्ची सहित चार लोगों की मौत–मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल।

4– बीजापुर जिले में आठ–आठ लाख रूपये के दो इनामी सहित तीन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

केंद्रीय मंत्रिमंडल–मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस से दो हजार अट्ठाईस–उनतीस के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना लागू किये जाने को भी मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि इस योजना के अंतर्गत तीन करोड़ नये आवास बनाए जाएंगे। श्री वैष्णव ने बताया कि योजना के तहत शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने का प्रावधान है।

ओबीसी आयोग

राज्य सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक और आर्थिक अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन कर दिया है। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आर.एस. विश्वकर्मा को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बने इस आयोग में अध्यक्ष को मिलाकर सात सदस्य हैं।

जशपुर–हाथी हमला मौत

जशपुर जिले में बीती रात दंतैल हाथी के हमले में एक बच्ची सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। हमारे संवाददाता से मिली जानकारी के मुताबिक बगीचा नगर पंचायत के गम्हरिया वार्ड नंबर–नौ में कच्चे घर में एक परिवार के छह सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान एक जंगली हाथी ने घर को ढहाने के बाद उन पर हमला कर दिया। इस घटना में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे दो अन्य लोगों पर भी हाथी ने हमला कर दिया, जिससे उनकी भी मौत हो गई।

डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि क्षेत्र में वन विभाग और हाथी मित्र की टीम लगातार निगरानी रख रही है। लेकिन, जिस दंतैल हाथी ने हमला किया है, उसकी आदत घर तोड़ने और मनुष्यों पर हमला करने की हो गई है। उन्होंने बताया कि जिले के चार वन परिक्षेत्रों में अड़तीस हाथी विचरण कर रहे हैं, जिसमें पंद्रह हाथी अकेले विचरण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दंतैल हाथी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि यह हाथी काफी घरों को नुकसान पहुंचा चुका है। श्री उपाध्याय ने बताया कि वन अमले द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की मुआवजा राशि दी गई है।

गौरतलब है कि जिले में एक महीने के भीतर हाथी के हमले में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है।

जांजगीर–हाथी विचरण

उधर, जांजगीर–चांपा जिले के बलौदा क्षेत्र के खिसौरा जंगल में दंतैल हाथी के मौजूदगी की सूचना मिली है। वन विभाग द्वारा इस हाथी को कोरबा जिले के करतला के जंगल में भेजने की तैयारी की गई है। इसके लिए बिलासपुर के अचानकमार से प्रशिक्षित हाथी को लाया गया है। जंगली हाथी को काबू में करने के लिए कुमकी दल जुट गया है। प्रशिक्षित हाथी के साथ महावत भी है।

माओवादी–आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में तीन माओवादियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से दो माओवादियों पर आठ–आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनदीप सरकार ने बताया कि आत्मसमर्पित माओवादियों में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के दो सदस्य शामिल हैं। इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। गौरतलब है कि बीजापुर जिले में पिछले छह महीने में अब तक एक सौ पैंतालीस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। सुरक्षा बलों की टीम ने इस दौरान तीन सौ छब्बीस माओवादियों को गिरफ्तार किया है।

वहीं, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में माओवादियों के लिए लेव्ही वसूलने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने एक करोड़ रूपये से ज्यादा लेव्ही वसूल कर माओवादियों तक पहुंचाई है।

हर घर तिरंगा

हर घर तिरंगा अभियान के तहत इन दिनों प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज रोटरी क्लब ऑफ जगदलपुर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में जगदलपुर के विधायक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव उपस्थित हुए। इस अवसर पर किरण देव ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर लाना न केवल तिरंगे के साथ व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। वहीं, रोटरी क्लब के अध्यक्ष विवेक सोनी ने बताया कि तिरंगा अभियान के तहत रोटरी क्लब के सदस्य जगदलपुर नगर निगम के सभी वार्डों में जाकर लोगों को राष्ट्र ध्वज के प्रति जागरूक करेंगे।

उधर, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा कलेक्टारेट परिसर में कल हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सूपतों की भावनाओं का सम्मान करने और देश के विकास तथा प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारियों–कर्मचारियों और पुलिस के जवानों ने बाईक रैली निकालकर लोगों को तिरंगा अभियान के लिए जागरूक किया।

वहीं, भिलाई नगर निगम क्षेत्र में आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई।

आईटीआई–अपग्रेड

युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश के एक सौ साठ आईटीआई का मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन किया जा रहा है। इसके लिए रोजगार और प्रशिक्षण विभाग द्वारा चार सौ चौरासी करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति दी गई है। मॉडल आईटीआई में उन्नयन के बाद युवाओं को स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मॉडल आईटीआई में उन्नयन को राज्य के युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है।

स्वाईन फ्लू–मौत

प्रदेश में स्वाईन फ्लू से दो महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं, सात अन्य पॉजीटिव मरीज भी मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतकों में एक महिला कोरिया जिले की और दूसरी महिला जांजगीर–चांपा जिले की रहने वाली थी, जिन्हें इलाज के लिए बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

इस बीच, स्वाईन फ्लू के लक्षणों के आधार पर नौ अन्य पीड़ितों का एचवन–एनवन टेस्ट किया गया, जिसमें सात लोग पॉजीटिव पाए गए। इनमें बिलासपुर जिले के चार, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के दो और जांजगीर–चांपा जिले का एक मरीज शामिल है।

जांजगीर–डायरिया

जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम अमोदा में डायरिया से दो बच्चों की मौत हो गई है। वहीं, दस से ज्यादा लोग पीड़ित हैं। मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से पीड़ित सात लोगों को नवागढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों में ज्यादातर बच्चे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रही है।

जीपीएम–समीक्षा बैठक

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के कामकाज की तहसीलवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले में नक्शा बटांकन के एक लाख तीस हजार से अधिक प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी जताई और राजस्व निरीक्षकों को पटवारी हल्का के अनुसार प्रतिदिन सौ नक्शा बटांकन का लक्ष्य देते हुए कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि नक्शा बटांकन के कार्य में प्रगति नहीं लाने पर राजस्व निरीक्षकों की वाषिक वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम

राष्ट्रीय मिशन ऑन लाइब्रेरीज–एनएमएल का छियालीसवां क्षमता निर्माण कार्यक्रम आज से रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शुरू हो गया है। हालांकि, इसका औपचारिक उद्घाटन कल रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे।

कार्यक्रम के पहले दिन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला और राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन के महानिदेशक प्रोफेसर बी.वी. शर्मा ने छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के सार्वजनिक पुस्तकालय पेशेवरों के साथ बातचीत की। प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन वर्ष उन्नीस सौ बहत्तर से सार्वजनिक पुस्तकालय प्रणाली और सेवाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बस्तर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

फुटबॉल/व्हालीबॉल–प्रतियोगिता

नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम में चल रही जूनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में आज पश्चिम बंगाल ने दिल्ली की टीम को एक–शून्य से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब बारह अगस्त को पश्चिम बंगाल का ओडिशा के साथ खिताबी मुकाबला होगा।

वहीं, नारायणपुर पुलिस के तत्वावधान में आयोजित अबूझमाड़ खेल उत्सव के तहत आज व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छोटेडोंगर, एड़का, कोहकामेटा सहित अलग–अलग थाना क्षेत्रों की टीमें शामिल हुईं।

चोर गिरोह सदस्य–गिरफ्तार

बिलासपुर पुलिस ने सराफा व्यावसायियों के यहां चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय बसोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के अलग–अलग जगहों से पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पैंतीस किलोग्राम चांदी, एक सौ पच्चीस ग्राम सोने के जेवर, चार लाख रूपये नगद, एक कार, एक मोटरसाइकिल और छह मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

– वन और जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने आज बस्तर में इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कोसारटेडा सिंचाई जलाशय में इको–टूरिज्म रिसॉर्ट का भूमिपूजन किया।

– 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आज बलरामपुर वनमंडलाधिकारी के नेतृत्व में तातापानी परिसर में फलदार और औषधीययुक्त पौधे लगाए गए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>